S-M-32(R)

राजस्थान सरकार
निदेशालय साक्षरता एवं सतत शिक्षा, राजस्थान
डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल परिसर, ब्लाक–पंचम, प्रथम तल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 302017
दूरभाष :0141-2708836, 0141-2707651, Fax-: 0141 - 2709025, 2701445
e-mail : dir-lit-rj@nic.in

साक्षर भारत

क्रमांकःप8(5)/मीडिया/2011/27653

दिनांकः 15/2/12

आयुक्त,
कॉलेज शिक्षा,
शिक्षा संकुल, जयपुर।

48
Dated 21/2/12

विषयः– साक्षर भारत यात्रा के क्रम में।

महोदय,

साक्षर भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जन जागरण एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने की दृष्टि से भारत के 22 राज्यों के 180 जिलों के 1000 विकास खण्ड एवं 15726 गाम पंचायतों में 18 फरवरी, 2012 से 27 मार्च, 2012 तक भारत सरकार के राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के तत्वावधान में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के द्वारा "साक्षर भारत यात्रा" का संचालन किया जा रहा है।

इसी क्रम में ये यात्रा राजस्थान के 13 जिलों के 22 विकास खण्डों एवं ग्राम पंचायतों में भी दिनांक 26.02.2012 से लगातार दिनांक 07.03.12 तक एवं दिनांक 19.03.12 को संचालित की जावेगी। आपके जिले सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों में इस यात्रा के संचालन का रूट चार्ट एवं आयोज्य कार्यक्रमों तथा स्थानों का विवरण संलग्न किया जा रहा है।

इस यात्रा के दौरान राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर के कला जत्थों के माध्यम से साक्षरता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कला जत्था प्रदर्शन के अतिरिक्त कार्यक्रम जन–किताब, जन–दीवार, ऑडियो–विजुअल वैन यात्रा, प्रचार–प्रसार सामग्री का वितरण, जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रेरणा संबोधन आदि के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह यात्रा भारत ज्ञान विज्ञान समिति, जयपुर के माध्यम से राज्य संदर्भ केंद्र, जयपुर एवं जोधपुर एवं जन शिक्षण संस्थानों के सहयोग से संचालित की जा रही है। इन आयोजनों को सफल बनाने हेतु स्थानीय ग्रामवासियों विशेषकर असाक्षर महिला–पुरूषों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, समाज के प्रबुद्ध वर्ग, प्रभावशाली व्यक्तियों तथा राजकीय कार्मिकों के अतिरिक्त शिक्षा विभाग के सक्रिय सहयोग की महती आवश्यकता है। **स्थानीय स्तर पर आपके अधीन संचालित महाविद्यालयों के संस्था प्रधानों, शिक्षकों, छात्र–छात्राओं, अभिभावकों एवं महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का सहयोग अपेक्षित है।**

अतः इस हेतु आपके अधीन संचालित शिक्षण संस्थाओं को संबंधित जिला, ब्लॉक, एवं पंचायत स्तर पर **साक्षर भारत यात्रा** में सक्रिय सहयोग हेतु निर्देशित करने का श्रम करें।

भवदीय,

संलग्न–1. साक्षर भारत यात्रा ब्रोशर

2. रूट चार्ट एवं यात्रा कार्यक्रम

निदेशक 15/2

कार्यालय निदेशालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 9(युवा)अकाद/निकाशि/2011/43 दिनांकः 1 मार्च, 2012
BKV.Gen.

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निदेशक, निदेशालय साक्षरता एवं सतत् शिक्षा, राजस्थान, शिक्षा संकुल परिसर, ब्लाक–पंचम, प्रथम तल, जयपुर को उनके पत्रांकः 27653 दिनांकः 15.02.2012 के संदर्भ में।
2. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान को भेजकर लेख है कि राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के तत्वावधान में "साक्षर भारत यात्रा" का संचालन किया जा रहा है। जिसका रूट चार्ट एवं आयोज्य कार्यक्रमों तथा स्थानों का विवरण संलग्न कर भिजवाया जा रहा है। जिसके अनुसार कार्यवाही सम्पादित करें।
3. डा0 धीरेन्द्र देवर्षि, बेवसाईट प्रभारी, निदेशालय। कृपया निदेशालय की बेवसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें। Recd 3 March 2012

संयुक्त निदेशक,
कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर